**आकाशवाणी शिमला**

**17.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के सभी खेल निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उस अवधि के दौरान विशेष अवकाश उपस्थिति के रूप में दर्ज करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में विभिन्न खेल संघों, महासंघों और बोर्डों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विशेष अवकाश प्रावधान की कमी के कारण स्कूलों में गैर हाजिर अंकित किया जाता है। इससे जहां खिलाड़ियों की उपस्थिति प्रभावित होती है वहीं उनके आंतरिक मूल्यांकन व शैक्षणिक रिकॉर्ड पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब ये अनिवार्य कर दिया है कि मान्यता प्राप्त खेल निकायों द्वारा प्रतियोगिता अथवा कोचिंग कैम्प के लिए जारी भागीदारी प्रमाण पत्र या संस्था पत्र स्वीकार किया जाएगा।

**सेब**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि बागवानों को अपने बागीचों से सेब बेचने पर सरकार ने कोई पाबंदी नहीं लगाई है और न ही इस तरह के कोई आदेश जारी किए हैं। नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस संबंध में सोशल मीडिया में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बागवान अपनी फसल कहीं भी बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। दूसरी ओर संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा है कि सरकार इस मामले में तुरन्त स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि सरकार को सेब खरीदने वालों का पंजीकरण करना चाहिए और सड़क किनारे बिना लाइसेंस के सेब खरीदने वालों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**प्री मानसून**

हिमाचल प्रदेश में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। प्री मॉनसून के सक्रिय होते ही राज्य के अधिकांश इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। ये बारिश मक्की सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आगामी 5 दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से हल्की बारिश दर्ज की जाएगी है।

*हिमाचल प्रदेश के अगर हम 17 जून की बात करें तो हमें अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश को देखने को मिलेगी जिसमें समझ रूप से जो हमारे मैदानी इलाके हैं वहां पर यह बारिश का दौर अगले तीन से चार घंटे लगातार हमें देखने को मिलेगा जबकि हाई हील्स में यह बारिश लगभग दोपहर की बात से चालू होगी और शाम तक चलेगी हालांकि हिमाचल प्रदेश के एक्टिविटी में कल और परसों थोड़ी सी कमी आएगी लेकिन 20 तारीख के बाद से एक बार फिर से बारिश हमें हिमाचल प्रदेश के अनेक स्थानों में बढ़ती हुई नजर आएगी मानसून की जो नॉर्मल रेट है वह हिमाचल प्रदेश में 25 जून है।*

इस बीच प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा और पहाड़ों पर बर्फ के तेजी से पिघलने के कारण नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है। प्रदेश बिजली बोर्ड के लारजी बांध में भी इन दिनों बड़ी मात्रा में पानी पहुंच रहा है। ऐसे में बांध प्रशासन ने लारजी बांध से 50 क्यूमैक्स पानी छोड़ने का फैसला किया है। बांध प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे ब्यास नदी के किनारों से दूर रहें।

**दुर्घटना**

मंडी जिला के पटड़ीघाट में आज सुबह एक निजी बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और जबकि 20 अन्य घायल हो गए। हमारे मंडी जिला संवाददाता मुनीष सूद ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिए। हालांकि भारी बारिश के चलते राहत व बचाव कार्य में बाधा आई। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक लाया गया है। ये बस जाहू से मंडी आ रही थी। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

**डी.सी.सोलन**

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रदेश में जोरों पर हैं। इस कड़ी में आज सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभाग को पंचायत स्तर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

---------------------------------------------------------------------------------------------------